प्रेस नोट–173/2026
दिनांक 27.03.2026

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

जनपद सहारनपुर/थाना जनकपुरी

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **08 हजार 150 रूपये नगद**
- **पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद**

दिनांक 26.03.2026 को थाना जनकपुरी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जनता रोड़ पुवाँरका के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त हरदयाल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 08 हजार 150 रूपये नगद, पीली–सफेद धातु के आभूषण, 01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सहारनपुर के विभिन्न थानो में चोरी, एनडीपीएस एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना जनकपुरी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–हरदयाल निवासी रवासौली थाना बेहट जनपद सहारनपुर।

बरामदगी

1–08 हजार 150 रूपये नगद।

2–पीली–सफेद धातु के आभूषण।

3–01 अवैध पिस्टल मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

जनपद भदोही/थाना सुरियावां

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 03 कुन्तल केबल, 09 बोरे में एलटी तार, एबी कंडक्टर**
- **नगद रूपये, 04 मोबाइल फोन**
- **02 पिकअप वाहन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 27.03.2026 को थाना सुरियावां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जंगीगंज से कोईरौना जाने वाले तिराहे के पास से 02 अभियुक्तों 1–इलियास 2–श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया गया एवं दो बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 03 कुन्तल केबल, 09 बोरे में एलटी तार, एबी कंडक्टर, नगद रूपये, 04 मोबाइल फोन, 02 पिकअप वाहन, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 व 25.03.2026 की रात्रि थाना सुरियावां क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा विद्युत तार चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सुरियावां पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद केबल आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सुरियावां पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–इलियास निवासी सियाडीह थाना हंडिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

2–श्रवण कुमार निवासी जगुआं शोधा थाना हंडिया कमिश्नरेट प्रयागराज।

<u>बरामदगी</u>

1–चोरी के 03 कुन्तल केबल, 09 बोरे में एलटी तार, एबी कंडक्टर।

2–नगद रूपये, 04 मोबाइल फोन।

3–02 पिकअप वाहन, 01 मोटर साइकिल आदि।

———————